गुरुवार

04 मई, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




भोजपुर में दोस्त की शादी से लौट रहे बाइक सवार दो युवकों की हादसे में मौत 2


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


### नगर निकाय चुनाव को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूर्वांचल का किया दौरा

# पहले माफिया कानून को व्हील चेयर पर लाते थे, अब खुद व्हील चेयर पर : योगी


**केटी न्यूज/मऊ**



यूपी में अब वह दौर नहीं जब माफिया का राज चलता था। अब प्रदेश में कानून का राज चलता है। भाजपा सरकार ने माफियाओं को व्हीलचेयर पर बैठाने का काम किया है। सरकार अपराध पर अंकुश लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही रही। यह बातें बुधवार को मऊ के जीवनराम इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। निकाय चुनाव में नगर पालिका मऊ भाजपा के प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार किया। करीब 20 मिनट तक मुख्यमंत्री ने माफिया मुख्तार अंसारी का नाम लिए बिना जमकर निशाना साधा। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज चल रहा है और माफिया बदमाश कानून के शिकंजे में हैं। प्रदेश में विकास हो रहा है और जनता की सरकार चल रही है। आज पूरे यूपी में कानून का राज कायम है। जनता में एक नई उम्मीद और विश्वास जगी है। सीएम योगी ने कहा कि पूर्व की सरकारों में जहां कानून व्यवस्था को व्हील चेयर पर लाने का काम करते थे, लेकिन अब माफिया खुद व्हील चैयर पर बैठे हैं। जहां पहले की सरकार माफियाओं का साथ देने के साथ खुली छूट देते थे। वहीं वर्तमान सरकार माफियाओं को उनके अंजाम तक पहुंचाने का काम कर रही है।

**डबल इंजन के साथ ट्रिपल इंजन की भी जरूरत :** इस सीएम दौरान सपा और बसपा पर जमकर बरसे। माफियाओं के खिलाफ हो रही कार्रवाई को सही बताते हुए निकाय चुनाव में वोट डालने की बात कहे। साथ ही नगर में भाजपा की सरकार बनने पर बजट की कमी न होने का जनता को भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पहले व्यापारियों से गुंडा टैक्स वसूला जाता था। व्यापारियों को अपराधियों के पास धन पहुंचाना पड़ता था, लेकिन भाजपा की डबल इंजन की सरकार आने के बाद माफिया अपने बिल में दुबक चुके हैं। नगर विकास मंत्री एके शर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि यूपी को चमकाने के लिए डबल इंजन के साथ ट्रिपल इंजन की भी जरूरत है। सूबे के नगर विकास मंत्री एके शर्मा निकाय चुनाव में जीते हुए उम्मीदवार के साथ और बेहतर ढंग से काम करेंगे। जिससे आम नागरिकों की बेहतरी हो सकेगी। निकाय चुनाव में नगर पालिका और नगर पंचायत के उम्मीदवार के पक्ष में वोट डालने की अपील करते हुए विकास के ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की अपील की। इसी के साथ उन्होंने जनपद वासियों को नगर में सरकार बनने के बाद सुरक्षा की और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के साथ जब नगर की सरकार के रूप में तीसरा इंजन भी जुड़ जाएगा। तब नगर वासियों को इसका लाभ समझ में आएगा। केंद्र और राज्य के साथ नगर में तेजी से विकास कार्य हो सकेगा। इसलिए नगर वासियों मऊ जनपद के नगर पालिका परिषद और सभी नगर पंचायतों में कमल खिलाने का काम करें।

### प्रदेश में युवाओं को अब मिल रहा रोजगार: सीएम



**बलिया।** महर्षि भृगु, शहीद मंगल पांडेय के साथ ही सेनानी चित्तू पांडेय और पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की धरा को नमन करते हुए सीएम योगी सीधे विपक्ष पर हमला बोल दिया। कहा कि पहले युवाओं के हाथ में कट्टा दिया जाता था और अब युवाओं के टैलेंट देख उन्हें रोजगार दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी बुधवार को सतीशचंद्र कालेज के प्रांगण से बलिया के अध्यक्ष पद प्रत्याशियों के समर्थन में वोट मांगने आए थे। इस दौरान योगी जी ने अपने सधे अंदाज में एक तरफ जहां उपलब्धियां गिनाई वहीं विपक्ष पर शब्दबाण छोड़े।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले जानबूझ कर बलिया के विकास को बाधित किया जा रहा था। अब बलिया ब्याज समेत अपनी कीमत वसूल रहा है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले युवाओं के हाथ में कट्टा दिया जाता था। अब युवाओं का टैलेंट देख उन्हें रोजगार दिया जा रहा है। कहा कि बलिया की माटी में बलिदानी क्षमता है। इसीलिए वो देश में सबसे पहले आजाद हुआ था। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए लोक नायक जय प्रकाश नारायण के आंदोलन को जमाना कभी भूल नहीं सकता। इस दौरान योगी ने बलिया से ही शुरू हुए उज्ज्वला योजना की खूबियां गिनाईं। आयुष्मान योजना और फ्री राशन योजना को भी गिनाया। कहा कि देश में 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दिया जा रहा है। इसमें 15 करोड़ लोग यूपी के हैं। प्रधानमंत्री के विजन को यूपी सरकार मिशन के रूप में लेकर कार्य कर रही है।


(शेष पेज चार पर)


# होमगार्ड जवान को भारी पड़ी लापरवाही तीन राइफल और 90 गोलियां गायब

**केटी न्यूज/पटना**



राज्य के खगड़िया जिले के अलौली अंचल से गृह रक्षक (होमगार्ड) की तीन राइफलें और 90 कारतूस की चोरी हो गई। पुलिस अब पूरे मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के मुताबिक अलौली अंचल में गृह रक्षा वाहिनी के पांच जवान प्रतिनियुक्त हैं। बताया जाता है कि मंगलवार की रात सभी पांच गार्ड अपनी राइफलों को स्टैंड में रखकर सोने चले गए। कहा जा रहा है कि दो राइफल स्टैंड में लॉक कर दी गई थी जबकि तीन राइफलें ऐसे ही रखी गई। रात को तीन राइफलें गायब हो गई, जो दो राइफलें लॉक थी वह चोरों के हाथ नहीं लगी। जब होम गार्ड के जवान सुबह सोकर उठे तब इसकी जानकारी उन्हें लगी। खगड़िया के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रात में उन्हें अलौली अंचल गार्ड गृहरक्षक जवानों के कमरे से तीन राइफलें और 90 कारतूस की चोरी होने की जानकारी मिली है।

अलौली पुलिस द्वारा घटना की छानबीन और प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई और संदिग्धों के विरुद्ध छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में घटना का खुलासा और राइफल बरामदगी के लिए जांच की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रथम ध्ष्टया जवानों की लापरवाही का मामला सामने आ रहा है। पुलिस जांच में जुटी है।

### सोशल मीडिया पर एक्टिव है अतीक अहमद की हत्या का आरोपी

**प्रयागराज।** गैंगस्टर अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के आरोपियों में से एक लवलेश तिवारी प्रतापगढ़ जेल में बंद होने के बावजूद सोशल मीडिया पर सक्रिय है। बांदा पुलिस ने पिछले दो हफ्तों में तिवारी के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पोस्ट का गंभीरता से संज्ञान लिया है। पुलिस के अनुसार, ये पोस्ट प्रकृति में भड़काऊ और घृणास्पद हैं। महाराज लवलेश तिवारी चूचू नाम के अकाउंट्स में से एक को बंद कर दिया गया है। बांदा एसपी अभिनंदन ने कहा कि तिवारी के सोशल मीडिया अकाउंट को संभालने वाले व्यक्ति की तलाश पुलिस कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने जांच शुरू कर दी है, यह गंभीर मामला है। तिवारी उन तीन हत्यारों में से एक है, जिन्होंने 15 अप्रैल को प्रयागराज में पुलिस हिरासत में अतीक और अशरफ की हत्या की थी।

## चरपोखरी में स्नातक के छात्र की गोली मारकर हत्या, मची सनसनी

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के कोयल गांव निवासी एक युवक की बुधवार की शाम गोली मारकर हत्या कर दी गयी। गोली उसके बायें साइड कंधे के पास लगी थी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने पर डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृत युवक कोयल गांव निवासी 27 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार राय था। वह स्नातक क छात्र था। घटना का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि वह बुधवार को किसी काम से अपनी रिश्तेदार के घर सिकरहट्टा गया था। शाम में वहां से गांव लौट रहा था। तभी उसे गोली मार दी गयी। देर शाम तक वह घर नहीं पहुंचा, तो खोजबीन की गयी। उस क्रम में वह कोयल और सोनवर्षा गांव के बीच चाट में जख्मी हाल में गिरा मिला। उसके बाद कुछ दोस्तों द्वारा उसे अस्पताल पहुंचाया गया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। इधर, एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि घटना अभी स्पष्ट नहीं हो। मामले की तफ्तीश की जा रही है। परिजनों से भी घटना की जानकारी ली जा रही है। हालांकि उसके परिवार वाले भी कुछ भी स्पष्ट नहीं बता रहे हैं। सिर्फ इतना बताया जा रहा रहे है कि वह अपने चचेरे भाई के साथ गया था। दोनों का मोबाइल भी घर पर था।

# बिहार में अब धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के समर्थन में उतरी सवर्ण सेना

**केटी न्यूज/पटना**



बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पटना आ रहे हैं। इसको लेकर बिहार में राजनीति शुरू हो गई है। आरजेडी के कई नेता इस कार्यक्रम का विरोध कर रहे हैं। पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप यादव पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के विरोध में सेना भी बना चुके हैं। वहीं, अब सवर्ण सेना बाबा बागेश्वर के समर्थन में उतर गई है। तेज प्रताप यादव की आर्मी डीएसएस के सामने सवर्ण सेना आ गई है। धीरेंद्र शास्त्री का विरोध करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना का एलान सवर्ण सेना ने किया है।

सवर्ण सेना के कार्यकताओं ने बाबा बागेश्वर को सुरक्षा देने की शपथ ली है। सवर्ण सेना की ओर से एलान किया गया कि जो बाबा बागेश्वर का विरोध करेगा, वो सही सलामत नहीं बचेगा। हम सनातनी बजरंगी बली के भक्त हैं। बाबा बागेश्वर भी बजरंग बली के सेवक हैं। पटना के गांधी मैदान में सवर्ण सेना के अध्यक्ष भागवत शर्मा कार्यकताओं के साथ पहुंचे थे।

**पटना पहुंच रहे हैं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री :** पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री उर्फ बाबा बागेश्वर के बिहार दौरे से पहले बिहार में सियासत काफी गर्म हो चुकी हैं। एक तरफ आरजेडी विरोध कर रही है, जबकि सवर्ण सेना, सवर्ण क्रांति जैसे दल समर्थन कर रहे हैं। बता दें कि बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेन्द्र शास्त्री पटना के नौबतपुर के तरेत पाली मठ के सामने 13 से 17 मई तक अपना दरबार लगायेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर बिहार में चर्चा तेज हो गई है। वहीं, तेज प्रताप यादव ने अपने ट्वीट में लिखा था कि धर्म को टुकड़ों में बांटने वालों को करारा जवाब मिलेगा। तैयारी पूरी है। हिन्दू, मुस्लिम सिख, ईसाई आपस में है भाई-भाई। ट्वीट के साथ तेज प्रताप यादव ने कुछ तस्वीरें शेयर की थी, जिसमें वह युवाओं के समूह के साथ दिख रहे हैं।

## जब पोलिंग बूथ पर बटन दबाएं तो जय बजरंगबली बोल कर सजा दें: मोदी

**एजेंसी/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के कांग्रेस के घोषणापत्र के वादे को लेकर लगातार हमलावर हैं। उन्होंने बुधवार को कर्नाटक में एक रैली में लोगों से मतदान के समय बटन दबाते वक्त जय बजरंगबली के नारे लगाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि वोट मांगने का दूसरा तरीका क्या है? मोदी को गाली दो। जिसको मर्जी होती है गाली दे देते हैं। क्या कर्नाटक गाली संस्कृति को स्वीकार करता है? कोई गाली दे पसंद करता है क्या? कर्नाटक गाली देने वालों को माफ करता है क्या? इसबार क्या करोगे। गाली देने वालों को सजा करोगे? बराबर जमकर सजा करोगे। जब पोलिंग बूथ में बटन दबाओ तो जय बजरंगबली बोलकर सजा दे देना। पक्का दोगे न? बीजेपी का एक ही लक्ष्य है कर्नाटक को नंबर वन बनाने का। इसके लिए हमारे पास रोडमैप है, योजना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके नेता उनसे नफरत करते हैं और उन्हें गाली देते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्होंने उनकी भ्रष्ट व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कर्नाटक में अपनी तीनों जनसभाओं के दौरान जय बजरंगबली के नारे लगाए।

### चीफ जस्टिस कृष्णन विनोद चंद्रन की बेंच ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा

# बिहार में जातीय गणना पर सुनवाई पूरी, फैसला आज

**केटी न्यूज/पटना**




जातीय गणना पर पटना हाईकोर्ट में बहस पूरी हो गई है। हाईकोर्ट इस पर कल अपना फैसला सुनाएगा। चीफ जस्टिस कृष्णन विनोद चंद्रन की बेंच ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा कि इस गणना का उद्देश्य क्या है? क्या इसे लेकर कोई कानून भी बनाया गया है? ये गणना राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आती है या नहीं। इस पर महाधिवक्ता पीके शाही ने अपना जवाब दिया। सरकार सभी बातों का ध्यान रखकर इसे करवा रही है। इस गणना से सरकार को गरीबों के लिए नीतियां बनाने में आसानी होगी। यह मामला 1 मई को पटना हाईकोर्ट पहुंचा था। दो दिन लगातार सुनवाई हुई है। जातीय आधारित गणना पर रोक लगाने की मांग को लेकर 21 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। याचिका में कहा गया था कि जनगणना केंद्र सरकार का अधिकार क्षेत्र है। बिहार सरकार की ओर से गणना असंवैधानिक है। वहीं, शीर्ष अदालत ने मामला बिहार से जुड़ा होने के कारण पटना हाईकोर्ट में सुनवाई करने का आदेश दिया था।

राज्य सरकार का कहना है कि जातीय गणना एक ऐसा सर्वे है, जिसके जरिए सरकार लाभार्थियों की सही संख्या निकालते हुए उस हिसाब से नीतिगत फैसले ले सकेगी। इस सर्वे के जरिए तैयार रिकॉर्ड के आधार पर योजनाओं और सुविधाओं को राज्य के हर आदमी तक पहुंचाने की योजना है। जाति आधारित गणना मामले में सुप्रीम कोर्ट में बिहार सरकार ने कहा है कि वो किसी को जवाब देने के लिए फोर्स नहीं कर रहे हैं। इस पर पिटीशनर के वकील दीनू कुमार ने कहा है कि जब किसी पर दबाव नहीं डाला जा सकता है और उन्हें जवाब के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है, तो ऐसे में बिहार सरकार क्या जनता के पैसों का दुरुपयोग नहीं कर रही है। सरकारी अधिकारियों को फालतू के कामों में उलझा कर उनका वक्त क्यों बर्बाद किया जा रहा है। बिहार में 7 जनवरी से जातीय गणना शुरू हुई है। 15 अप्रैल से इसके दूसरे चरण की शुरूआत हो चुकी है।बिहार में फिलहाल जातीय गणना कराने का काम जारी है। 15 मई तक इसे पूरा करने के बाद इस पर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। अगर कोर्ट इस पर रोक लगाती है तो जातिगत जनगणना के आंकड़ों को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा।




केशव टाइम्स

बक्सर, 04 मई 2023

जीयर स्वामी

पूर्व जन्म का जब पुण्य ईकट्ठा होता है तो संत का दर्शन होता है।



## खबरें फटाफट

### गाय के गले की रस्सी में पैर फंसा, घसिटने से जख्मी हुआ बच्चा

**आरा।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा टोला मोहल्ले में बुधवार की सुबह गाय के गर्दन में बंधी रस्सी में फंस कर एक बच्चा कुछ दूर तक घसीटाता चला गया। उसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी बच्चा चंदवा टोला मोहल्ला निवासी दया शंकर ठाकुर का 8 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार है। बच्चे की चाची दुर्गा देवी द्वारा बताया गया कि गोलू के पिता खटाल चलाते हैं। बुधवार की सुबह वह खटाल से मोहल्ले के ही एक व्यक्ति के घर दूध निकालने गाय लेकर जा रहे था। उसी दौरान गाय के गले में पड़ी रस्सी में गोलू का पैर फंस गया। तभी गाय तेजी से दौड़ पड़ी और उससे गोलू कुछ दूर तक घसीटाता चला गया। उससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद वहां मौजूद लोगों और परिजन द्वारा बच्चों को बयाया गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

### नशे में धुत ड्राइवर ने मारी ठोकर

**जहानाबाद।** नशे में गाड़ी चलाने की कोशिश में बिजली के खंभे में ठोकर मारकर भागने के प्रयास में अनियंत्रित होकर एक स्कार्पियो पलट गई। जिससे चालक दीपक कुमार गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना जिले के काको थाना अंतर्गत स्थानीय बाजार के भारत रसोइ गैस गोदाम के समीप बुधवार की दुपहरी की है ।घायल चालक को स्थानीय ग्रामीणों केसहयोग से चिकित्सार्थ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काको में भर्ती कराया गया एंव घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके पश्चात पहुँची पुलिस ने वाहन को जब्त कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही प्रारंभ कर दी। घटना के बाबत थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि चिकित्सकीय परीक्षण में चालक के द्वारा अत्यधिक शराब सेवन की पुष्टि हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कार्पियो पलटने के उपरांत गौस गोदाम के समीप खड़े ट्रक से नहीं टकराई अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

# बेहतर सामुदायिक प्रबंधन से अति कुपोषित बच्चे होंगे सुपोषितः डॉ. कौशल किशोर

**केटी न्यूज/पटना**

❑ अति कुपोषण एवं प्रारंभिक विकास विफलता पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन





अति-कुपोषित बच्चों को सुपोषित करना एक बड़ी चुनौति के साथ सभी की जिम्मेदारी भी है। जिसमें समुदाय स्तर पर अति-कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने का प्रयास एक प्रभावी पहल है। बच्चों में कुपोषण उनकी शारीरिक एवं मानसिक दक्षता में कमी करने के साथ देश के विकास में भी बाधक साबित होती है। उक्त बातें समेकित बाल विकास सेवाएं के निदेशक डॉ. कौशल किशोर ने अति कुपोषण एवं प्रारंभिक विकास विफलता पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में बतायी। डॉ. किशोर ने बताया कि अति-कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने की दिशा में पोषण पुनर्वास केंद्र की उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन सभी अति-कुपोषित बच्चों को कुपोषण से बहार निकालने में सिर्फ पोषण पुनर्वास केंद्र पर्याप्त नहीं है। इसके लिए समुदाय स्तर पर अति-कुपोषित बच्चों की पहचान एवं इनके बेहतर प्रबंधन पर ध्यान देने की अधिक जरूरत है।

**समुदाय स्तर पर जरुरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना जरुरी:** कार्यशाला को संबोधित करते हुए सचिव स्वास्थ्य सह राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने बताया कि कुपोषण को दूर करने में आहार विविधिता को सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। वहीं, सामाजिक विकास के क्रम में आहार विविधिता को नजरंदाज किया गया। लेकिन अब फिर से श्री अन्न यानी मोटे आनाज की उपयोगिता बढ़ाकर कुपोषण दूर करने पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि समुदाय स्तर पर सुपोषण को बढ़ावा देने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर जरुरी दवाओं जैसे आईएफए, विटामिन ए सिरप आदि की पूर्व आपूर्ति सुनिश्चित करने में स्वास्थ्य विभाग मदद करेगा। इससे सही समय पर लाभुकों के लिए दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी एवं इससे कुपोषण को दूर करने में सहूलियत भी होगी।

**कुपोषण से बढ़ता है परिवार पर आर्थिक बोझः** कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका, राहुल कुमार ने कहा कि अति गंभीर कुपोषण से ग्रसित बच्चे के कारण परिवार पर आर्थिक बोझ पड़ता है। बच्चे के उपचार के लिए उसके अभिभावक को खर्च करना पड़ता है। इसलिए जरुरी है कि सामुदायिक स्तर पर जागरूकता फैलाई जाये। पीएमसीएच के शिशु रोग विभाग के एचओडी डॉ. भूपेन्द्र नारायण ने बताया कि अति गंभीर कुपोषण से ग्रसित बच्चा आगे चलकर कई बिमारियों से ग्रसित होता है और शिशु मृत्यु का यह एक प्रमुख कारण है।

**बच्चों को अति कुपोषित श्रेणी में जाने से पहले बचाना जरुरी:** राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, शिशु स्वास्थ्य डॉ. बिजय प्रकाश राय ने बतया कि बच्चों को कुपोषण से बताना जरुरी है। स्वास्थ्य कार्यकताओं का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में नियमित रूप से क्षमतावर्धन किया जाता है। हमें प्रयास करना है कि बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करने की जरुरत नहीं पड़े। इसके लिए हमें समुदाय में पोषण की महत्ता के संदेश को हर स्तर पर प्रसारित करने की जरुरत है।

कार्यशाला में यूनिसेफ के पोषण विशेषग्य रबी नारायण पाढ़ी ने बताया कि स्वास्थ्य एवं पोषण की सेवाओं को एक साथ अति गंभीर कुपोषित बच्चे तक पहुंचाने की जरुरत है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर वृद्धि निगरानी के साथ बच्चे की माताओं को बताया जाये ताकि वह भी अपने बच्चे की पोषण संबंधी समस्याओं से एकाकार हो सकें। यूनिसेफ की शिवानी धर ने बताया कि बच्चे के मष्तिष्क का 80 फीसदी विकास उसके जीवन के पहले तीन वर्षों में होता है इसलिए जरुरी है गर्भवती माता के संपूर्ण पोषण एवं नवजात के लिए पहले 6 माह तक सिर्फ स्तनपान की महत्ता को समझा जाए।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौके पर ही हुई मौत, दूसरे ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

# भोजपुर में दोस्त की शादी से लौट रहे बाइक सवार दो युवकों की हादसे में मौत





फिरोज उर्फ डबलू



कृष्णा प्रवीण की फाइल फोटो

**केटी न्यूज/आरा**

■ आगे जा रहे ट्रैक्टर से टकराने से गयी दोनों की जान

बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के लाल बिहारी सिंह के टोला के समीप मंगलवार की रात सड़क हादसे में बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गयी। दोस्त की शादी से लौट रहे दोनों ट्रैक्टर की चपेट में आ गये। उसमें एक की मौके दो दूसरे की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। मृतकों में जगदीशपुर नगर के वार्ड नंबर 16 निवासी मो. जहीरुद्दीन का 28 वर्षीय पुत्र मो. फिरोज उर्फ डब्लू और वार्ड नंबर 9 निवासी ललन राम का 30 वर्षीय पुत्र कृष्णा प्रवीण उर्फ जिउत थे।

घटना को लेकर अफरातफरी मची रही। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर और बाइक को जब्त कर लिया गया है। पुलिस की से फिरोज उर्फ डबलू के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं प्रवीण कृष्ण के परिजन बिना पोस्टमार्टम कराये शव लेकर चले गए।

फिरोज के बड़े भाई मुमताज मंसूरी उर्फ पप्पू ने बताया कि गांव के ही पिंटू सोनार के बेटे अभिषेक सोनार की मंगलवार की रात शादी थी। बारात बिहिया गयी थी। फिरोज उर्फ डबलू और प्रवीण कृष्ण उसके दोस्त थे। दोनों अपने दोस्त की बारात में गये थे। रात में दोनों बाइक से जगदीशपुर लौट रहे थे। कृष्णा प्रवीण उर्फ जिउत बाइक चला रहा था। फिरोज उर्फ डबलू बाइक पर पीछे बैठा था लाल बिहारी सिंह के टोला के पास आगे तेज गति जा रहा एक ट्रैक्टर अचानक ट्रन ले लिया। उससे उनकी बाइक ट्रैक्टर से टकरा गयी। उसमें कृष्णा प्रवीण उर्फ जिउत की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि फिरोज गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसके बाद उसे इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल लाया जा रहा था। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों की ओर से उसे मृत घोषित कर दिया गया। हादसे के बाद दोनों के घरों में कोहराम और रोना-धोना मचा है। बताया जा रहा है कि फिरोज उर्फ डब्लू अपने चार भाइयों में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में भाई शाह आलम मंसूरी, पिंटू मंसूरी, मुमताज मंसूरी उर्फ पप्पू, बहन चंदा खातून और गुड़िया खातून है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। बताया जाता है कि आज कल युवाओं द्वारा तेज रफ्तार में बाइक चलाना ही इन दुर्घटनाओं का कारण है। तेज रफ्तार के कारण बाइक अनियंत्रित हो जाती है। जिसके बाद हादसे में उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ती है।

### ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार राजमिस्त्री जख्मी

**आरा।** आरा-सिन्हा रोड पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के यादवपुर गांव के समीप बुधवार की दोपहर ट्रैक्टर ने बाइक सवार एक राजमिस्त्री को जोरदार ठोकर मार दी ।उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आरा सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी राजमिस्त्री कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव निवासी शत्रुधन महतो का 27 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार महतो है। उसके ममेरे भाई राहुल कुमार ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह बाइक से राजमिस्त्री का काम करने आरा आ रहा था। उसी दौरान यादवपुर गांव के पास सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। उससे वह बाइक से गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया।

## एक नजर

### फ्लोराइड प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग फ्लोरोसिस पर लायेगा लोगों में जागरूकता

**गया।** जिला में फ्लोराइड प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे किया जायेगा। ऐसे क्षेत्रों की मैपिंग की जायेगी जहां पानी में फ्लोराइड मानक से अधिक है तथा वहां के समुदाय फ्लोरोसिस से प्रभावित हैं। स्वास्थ्य विभाग आमजन में फ्लोराइड के कारण होने वाले रोग और इससे बचाव के प्रति जन जागरूकता लाने का काम करेगा। यह जानकारी सिविल सर्जन डॉ रंजन कुमार सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के लिए सेंटर फॉर फ्लोरोसिस रिसर्च द्वारा आयोजित एक ओरिएंटेशन मीटिंग के दौरान दी. इस दौरान उनके साथ सेंटर फॉर फ्लोरोसिस रिसर्च के डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ बिहारी सिंह, डीपीएम नीलेश कुमार, डीवीबीडीसीओ डॉ एमई हक, डीआइओ डॉ राजीव अंबष्ट, सीडीओ डॉ पंकज सिंह, यूनिसेफ से डॉ संजय कुमार सिंह व अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे। सिविल सर्जन ने बताया कि जिला के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लोराइड की समस्या है।आमस प्रखंड के भूपनगर गांव सहित बाराचट्टी, डुमरिया, इमामगंज, मोहनपुर एवं शेरघाटी आदि क्षेत्रों में बसे गांवों की चर्चा की गयी और बताया कि फ्लोराइड युक्त जल की जांच कराने में सेंटर का हरसंभव सहयोग किया जायेगा। साथ ही स्वास्थ्यकर्मियों की मदद से फ्लोराइड युक्त पानी के इस्तेमाल के दुष्परिणाम तथा बचाव के उपाय को लेकर लोगों को जागरूक किया जायेगा।



### नवोदय विद्यालय की प्रबंधन समिति के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति, नवोदय विद्यालय की बैठक कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी के समक्ष नवोदय विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय के पहुंच पथ की समस्या के बारे में बताया गया कि बरसात के दिनों में पहुंच पथ की समस्या के कारण विद्यालय में खाद्य पदार्थ एवं सामग्री तथा बीमार छात्रों के लिए आने जाने की समस्या होती है। जिलाधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि प्रस्ताव विभाग को प्रेषित किया गया है। शेड बनाने का प्रस्ताव दिया गया जिलाधिकारी द्वारा मार्गदर्शिका उपलब्ध कराने हेतु विभाग से समन्वय करने का निदेश दिया। विद्यालय में मनरेगा के माध्यम से पौधा लगाने का निदेश दिया गया। विभागीय पुराने वाहन को शीघ्र नीलामी की कारवाई करने का निदेश दिया गया। साथ ही, नवोदय विद्यालय में बिजली की समस्या बताया गया। जिसके लिए जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, विद्युत को विद्यालय में बिजली की समस्या दूर करने का निदेश दिया। गर्मियों के दिनों में पानी की समस्या हो जाती है, जिसके लिए दोनों चापाकलो को मरम्मति कराने का निदेश दिया। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन को निदेश दिया गया कि नवोदय विद्यालय के नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा की प्रतिनियुक्ति की जाए ताकि चिकित्सा की सुविधा हो सके तथा आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं को विद्यालय में उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही ब्लिचिंग पाउडर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।



### न्यायालय द्वारा मांगी गई एफएसएल रिपोर्ट, नहीं देने पर रोका हुलासगंज थानाध्यक्ष का वेतन

**जहानाबाद।** एक वाद में मृतक का एफएसएल रिपोर्ट न्यायालय द्वारा हुलासगंज थानाध्यक्ष से 26 अगस्त को मांगा गया था। साथ हीं पुलिस अधीक्षक जहानाबाद द्वारा भी थानाध्यक्ष को पत्र निर्गत किया गया था कि मृतक रवीश कुमार का एफएसएल रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत करें। एफएसएल रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने पर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी वैभव कुमार के न्यायालय द्वारा उक्त थानाध्यक्ष को कारण पृच्छा निर्गत कर निर्देश दिया गया था कि वे अपना स्पष्टीकरण समर्पित करें कि क्यों नहीं आपके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। परंतु हुलासगंज थानाध्यक्ष के द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया और ना ही मृतक का एफएसएल रिपोर्ट न्यायालय को प्राप्त हो सका है। जिससे यह स्पष्ट होता है कि उक्त थानाध्यक्ष न्यायालय के आदेश के साथ ही पुलिस अधीक्षक जहानाबाद के आदेश का भी अनुपालन करने में कोई रुचि नहीं दिखाते, जो उनके कार्य के प्रति घोर लापरवाही को दशार्ता है। मृतक का एफएसएल रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने के कारण न्यायालय में उक्त वाद की कार्यवाही बाधित हो रही है। लिहाजा न्यायालय के द्वारा अगले आदेश तक थानाध्यक्ष हुलासगंज का वेतन रोके जाने का आदेश पारित कर दिया है।

### 8 मई से मॉर्निंग में संचालित होगा न्यायालय

**जहानाबाद।** विगत कई वर्षों से न्यायालय का कार्य गर्मियों में मॉर्निंग यानि पूर्वाहन काल में ही सुचारू रूप से किए जाते थे, लेकिन हालिया हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार जिले के विभिन्न न्यायालय इसबार गर्मियों में 10:30 बजे से लेकर 4:30 बजे तक कार्य करने के लिए तैयार हुए और पिछले कुछ दिनों से कार्य किए भी जा रहे है। हालांकि कुछ दिनों से मौसम का ठीक-ठाक हो ना कुछ अधिवक्ताओं को रास आ रहा है और वह 10:30 बजे से ही कार्य करने को इच्छुक दिख रहे हैं। परंतु यह भी स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में गमीर्यों का कहर देखनो को मिलेगा। बताते चलें कि इसी को लेकर जिला जज के द्वारा जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव के साथ समन्वय स्थापित कर बताया कि जिले के अधिकतर अधिवक्ता मॉर्निंग काल में ही न्यायालय कार्य करने को इच्छुक हैं, बहरहाल जिला जज के द्वारा आदेश पारित किया गया कि 8 मई से 24 जून तक न्यायालय कार्य सुबह 7:30 बजे से लेकर 1:30 बजे तक किया जाएगा।

## शराब बिक्री के विवाद में ब्लेड मार मछली दुकानदार को किया जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**

शहर के नवादा मोहल्ले में बुधवार की दोपहर मछली दुकानदार पर ब्लेड से हमला कर दिया गया। ब्लेड उसके चेहरे पर बायीं साइड लगी है। उससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी दुकानदार नवादा थाना क्षेत्र के जवाहर टोला मोहल्ला निवासी स्व. हड़ताल पासवान का 40 वर्षीय पुत्र अर्जुन पासवान है। उसकी नवादा थाने के समीप मछली की दुकान है।

उसकी पत्नी मंजू देवी ने बताया कि उसका एक घर जवाहर टोला और दूसरा नवादा में है। नवादा स्थित उसके मकान में मंगरु नाम का एक किराएदार रहता था। वह शराब बेचता था। उसे लेकर उसे घर से निकाल दिया गया था। बुधवार को दोपहर वे लोग अपने घर में थे। तभी मोहल्ले के ही दो युवक आए और मंगरू का नाम लेकर शराब मांगने लगे। तब उसने कहा कि मंगरू अब यहां नहीं रहता है। इसके बाद वे दोनों युवक गाली-गलौज करने लगे। उसने गाली देने से मना किया, तो वह लोग नहीं मानें। उसके बाद उसने उन्हें धक्का दे दिया। उसी बीच एक युवक ने उसके पति को ब्लेड मार दिया। उससे वह बुरी तरह लहूलुहान हो गए।

## जहां चापाकल नहीं है वहां बोरिंग कराते हुए नल का टैप लगवाएंः डीएम

**केटी न्यूज/गया**

जिला के इमामगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बुधवार को जिलाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम ने आमस एवं इमामगंज के जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनके क्षेत्र में बेजन की क्या स्थिति है इस संबंध में सभी जनप्रतिनिधियों से जानकारी प्राप्त किया।

बैठक में मुख्य रूप से पेयजल पर विस्तार पूर्वक चचाएं की गई। जहां जहां अभीतक नल जल योजना नहीं पहुंची है। वहां अगर चापाकल है, तो वो किस इस्थिति में है, अगर वे खराब है तो अतिशीघ्र मरम्मती कराने का निर्देश दिया। जहां चापाकल नहीं है वहां बोरिंग कराते हुए नल का टैप लगवाएं व तात्काल टैंकर से पेयजल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ साथ जहां भी नल-जल बिगड़े हैं या



अन्य समस्या है। उसे भी जल्द से जल्द ठीक कराने का निर्देश दिया। वहिं जन समस्याओं को लेकर जन प्रतिनिधियों ने बारी-बारी से पंचायत की समस्याओं को अवगत करवाया। समीक्षा बैठक में बताया गया कि आमस प्रखंड में पंचायती राज विभाग के कुल 9 पंचायत है तथा दो टेक्निकल असिस्टेंट है। उसी प्रकार इमामगंज प्रखंड में पंचायती राज विभाग की 15 पंचायतें हैं तथा तीन टेक्निकल असिस्टेंट है।

इमामगंज प्रखंड में पंचायती राज विभाग की 168 योजनाएं हैं जिनमें केवल 4 बंद है। जिला पदाधिकारी ने उसे तेजी से चालू करवाने का निर्देश दिए। उसी प्रकार आमस में कुल 68 योजनाएं संचालित है कोई भी योजना आज की तिथि में बंद नहीं है। जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया कि इमामगंज आमद के क्षेत्र लगभग पूरा पहाड़ी क्षेत्र से घिरा हुआ है जिस चोले से पेयजल की समस्या सामने आती है तुरंत रिस्पॉन्ड करते हुए पानी टैंकर मुहैया कराएं। समीक्षा के दौरान इमामगंज के जनप्रतिनिधि ने बताया कि पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता चापाकल मरम्मत ई तथा टैंकर मुहैया कराने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं

## मिशन मोड के तहत 60 दिनों में 3.50 लाख आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लिया गया संकल्प

# जनप्रतिनिधि के सहयोग से लक्ष्य को हासिल करने का लिया गया संकल्प

**केटी न्यूज/सासाराम**



स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकारी योजनाओं को लोगो तक पहुंचा एवं इसका लाभ दिलाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इन्ही योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बनने वाले गोल्डन कार्ड का लाभ योग्यताधारियों को दिलाने के लिए रोहतास जिला आयुष्मान योजना द्वारा अभियान तेज कर दिया गया है। विभाग द्वारा योग्यताधारियों का प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत चुन-चुन कर कार्ड बनाया जाएगा। मिशन मोड में शुरू हुई आयुष्मान कार्ड बनाने की योजना को के लक्ष्य को जनप्रतिनिधियों से के सहयोग से पूरा किया जाएगा। इसी के उद्देश्य से बेदा स्थित एक निजी होटल में कार्ड बनाने वाले सेंटर संचालकों एवं जनप्रतिनिधियों की कार्यशाला का अयोजन किया गया जिसमे लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर कई टिप्स दिए गए। कार्यशाला में आयुष्मान के जिला कोऑर्डिनेटर महावीर कुमार ने बीआईएस 2.0 के सर्वर इंडिकेटर प्वाइंट पर चर्चा की। कार्ड डाउनलोड नहीं होने की समस्या के निदान बताए गए। जिला कोऑर्डिनेटर ने कहा कि शिविर के दौरान कार्ड नहीं डाउनलोड होने की स्थिति में संचालकों को पीएचसी का सरवर उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके माध्यम से वे तुरंत आयुष्मान कार्ड डाउनलोड करके लाभुकों को दे सकेंगे। आधार कार्ड व राशन कार्ड के नहीं जुड़े होने की स्थिति में कार्ड बनाने के दौरान आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा हुई।

**60 दिन में 3.50 लाख कार्ड बनाने का रखा गया लक्ष्य :** उक्त कार्यशाला में लोगों को जानकारी दी गई की आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने में रोहतास जिला सूबे में प्रथम स्थान पर है। साथ ही जिले में और बेहतर करने के लिए 60 दिन में 3.50 लाख कार्ड बनाने का लक्ष्य को हासिल करने का सामुहिक संकल्प भी लिया गया। इसके लिए वसुधा के 460 सेंटरों को गांव-गांव में कैंप लगाने का निर्देश दिया गया। वसुधा केंद्र के जिला कोऑर्डिनेटर रवि कुमार सिंह एवं नीतीश कुमार मिश्रा ने सभी केंद्रों को प्रतिदिन अधिक से अधिक कार्ड बनाने का सामूहिक लक्ष्य दिया। वही कलर प्लास्ट के जिला कोऑर्डिनेटर संजीव कुमार ने सेंटर संचालकों को जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ज्यादा से ज्यादा कार्ड बनाने के टिप्स दिए। आयुष्मान कार्ड बनवाने से वंचित रहे लोगों को टारगेट कर जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कैंप का आयोजन कराने से जुड़ी जानकारी दी गई।

**3.66 लोगों का बनाया गया गोल्डन कार्ड :** जिला आयुष्मान विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रोहतास जिले में 2 लाख 35 हजार 302 घरों में 1 लाख 33 हजार 234 परिवारों को आयुष्मान कार्ड के लिए चिन्हित किया गया है जिसमे 13 लाख 25 हजार 959 लोगो को कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य के विरुद्ध 31 मार्च 2023 तक 3 लाख 66 हजार 780 लोगों का गोल्डन कार्ड बनाया जा चुका है। वही इस योजना के तहत जिले में 31 मार्च तक 21 हजार 57 लाभार्थियों ने निजी अस्पतालों में लाभ ले चुके हैं। आयुष्मान के जिला समन्वयक महावीर कुमार ने सभी मुखिया, सरपंच, पंच, वार्ड सदस्यों से अपील किया की अपने अपने क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड के लिए योग्यताधारी लोगों की पहचान कर अपने नजदीकी वसुधा केन्द्र पर कार्ड बनवाने में सहयोग करें ताकि सरकार की इस लाभकारी योजना का लाभ सभी जरूरतमंद उठा सकें।

# डुमरांव नगर क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं पर भावी प्रत्याशियों की नहीं उठ रही है आवाज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- अतिक्रमण, जाम, होल्डिंग और सेंट्रल नाला की समस्या पर है चुप्पी
- स्वयं को ईमानदार कर्मठ और सुयोग्य बताने में लगी है प्रत्याशियों की ताकत

डुमरांव में नगर निकाय चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग से अधिसूचना जारी होना अभी बाकी है। चुनाव का तिथि भी निर्धारित नहीं हुआ है। लेकिन प्रत्याशियों की जोर आजमाइश शुरू हो गई है। पेड़ में कटहल ओठ में तेल वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। पूरा शहर प्रत्याशियों के पोस्टर होर्डिंग और बैनर से पट गया है। नामांकन से पहले ही जनसंपर्क अभियान तेज है। प्रत्याशी के परिवार वाले तथा समर्थक घर-घर जाकर स्वयं के प्रत्याशी होने की जानकारी तथा अपने पक्ष में लामबंदी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

प्रत्याशियों की संख्या में रोज इजाफा हो रहा है। कई प्रत्याशी तो कल्पना के विपरीत चुनाव के मैदान में सामने आ रहे हैं। इनमें कई ऐसे प्रत्याशी हैं जिनका समाज से कोई वास्ता नहीं रहा है। उन्हें नगर पालिका में गए यह युग जमाना हो चुका है। उन्हें शहर के राजनीतिक व भौगोलिक स्थिति की जानकारी नहीं है। नप के चेयरमैन तथा उप चेयरमैन का पद अति पिछड़ा के लिए आरक्षित हो जाने के बाद निकाय चुनाव के लिए गैर राजनीतिक लोगों की संख्या में इजाफा हुआ है। आरक्षण व्यवस्था का लाभ लेने के लिए बड़े धनकुबेर से लेकर कमजोर आर्थिक स्थिति वाले लोग भी चुनाव मैदान में भाग्य आजमाने के लिए ताल ठोक रहे हैं। खुद को सुयोग्य कर्मठ तथा ईमानदार का तमगा लिए घूम रहे ऐसे कई प्रत्याशी हैं, जिन्हें यह नहीं मालूम कि शहर की मूल समस्या क्या है तथा उसका समाधान क्या होगा। प्रत्याशी की बढ़ती भीड़ में शहर की ज्वलंत समस्याएं गौड़ पड़ने लगी है। अतिक्रमण व जाम की समस्या से कराह रही नगर की सड़क को तत्काल समाधान की जरूरत है। इसके लिए सार्थक और सही सोच वाला चेयरमैन का होना जरूरी है। रेलवे स्टेशन से लेकर बाजार स्थित स्टेशन रोड गोला बाजार मेन रोड स्टेट बैंक राजगढ़ चौक जंगल बाजार रोड शफाखाना रोड नया भोजपुर का पकवा इनार चौक तथा पुराना भोजपुर चौक महत्वपूर्ण जगह है। इन जगहों पर पहले सुबह से लेकर देर रात तक सड़क जाम होना प्रतिदिन की गंभीर समस्या है। सेंट्रल नाला के अस्तित्व पर उत्पन्न खतरा वर्तमान और भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती है। अतिक्रमण के गिरफ्त में फंसा सेंट्रल नाला से पानी निकास कम तथा धन निकासी अधिक हो रहा है। यह नाला जेब भरने का माध्यम बन चुका है। इस नाला के सफाई के नाम पर प्रतिवर्ष लाखों रुपए की निकासी की जाती है। बावजूद शहर को जलजमाव से निजात नहीं मिल रहा है। नगरपालिका के आंतरिक आय बढ़ाने में होल्डिंग टैक्स की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। शहर में होल्डिंग टैक्स की समस्या भी गंभीर है। बिना नक्शा पास कराए धड़ाधड़ मकान बन रहे हैं।





शहर की पहचान बड़े व्यवसाई केंद्र के रूप में होती है। लेकिन कमर्शियल टैक्स देने के नाम पर व्यवसाई पीछे और नगर परिषद चुप्पी साधे बैठा है। वहीं, दुकानों से वास्तविक कमर्शियल टैक्स तथा मकानों से होल्डिंग टैक्स की वसूली कर ली जाए तो नगर परिषद को टैक्स के रूप में वृहद आमदनी होना संभव है। ऐसे ज्वलंत समस्याओं के मामले में नप की चुप्पी से उसके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप और गंभीर होते जा रहे हैं। खुद को सुयोग्य कर्मठ इमानदार बताने वाले प्रत्याशी भी चुनाव के इस समय में शहर की ज्वलंत समस्याओं पर चुपचाप बैठे हैं। जाहिर सी बात है प्रत्याशियों की बढ़ती संख्या में शहर समस्याएं गौड़ पड़ने लगी है।

---

### स्कूल-कॉलेजों में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर बक्सर एसपी ने दिए टिप्स, जारी किए नम्बर

# छात्राओं की सुरक्षा के लिए चलाया जाएगा अभियान

# मनचलों पर रहेगी नजर, तेज होगी पुलिस गश्ती

**केटी न्यूज/ बक्सर**

छात्राओं व महिलाओं पर बढ़ रहे यौनात्याचार को रोकने के लिए बक्सर एसपी ने खास पहल की है। जिसके लिए पुलिस के द्वारा मिशन लफुआ चलाने की प्लान पर तैयारी की जा रही है। जिसमें जिले के दो डीएसपी व महिला थाना के नेतृत्व में एक टीम बनाई जाएगी, जो इन मनचलों पर नजर रख सके। बहुत जल्द पुलिस निजी व सरकारी विद्यालयों के प्रबंधकों से सम्पर्क कर छात्राओं की सुरक्षा के बारे में जानकारी लेगी। इसके बाद खासतौर पर निजी विद्यालयों व सरकारी विद्यालयों में महिला थानाध्यक्ष के द्वारा जागरूकता शिविर लगाया जाएगा। जिसमें उनके सुरक्षा सबंधी टिप्स दिए जाएगे। बक्सर एसपी मनीष कुमार ने कहा कि बक्सर पुलिस वेटियों की सुरक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहती है। समय-समय पर मनचलों के खिलाफ अभियान भी चलाया जाता है। क्योंकि वेटियां हमारी मान है व अभियान है। इनकी सुरक्षा करना हमरा दायित्व ही नही कर्त्तव्य है।

**छात्राओं को कराटे की ट्रेनिग देगी पुलिस :** बक्सर एसपी एसपी मनीष कुमार ने कहा कि ह्लसशक्त बेटियां सुरक्षित बेटियांह्ल छात्राओं को व्यक्तिगत, आत्मनिर्भर व आत्मसुरक्षा के लिए स्कूल-कॉलेजों में कराटे की ट्रेनिंग कैंप आयोजित करने का भी प्रस्ताव दिया जाएगा। जिससे बेटियां आत्मसुरक्षा के प्रतिनिर्भर बन सके।



**छात्राओं को एसपी ने बताए सेल्फ डिफेंस के तरीके :** बक्सर एसपी मनीष कुमार ने कहा कि महिला सुरक्षा के बारे में विशेष बातचीत में कहा कि छात्राओं व महिला सुरक्षा अभियान को लेकर बक्सर पुलिस हमेशा से तत्तपर रही है। समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों के स्कूलों में पुलिस पाठशाला का अयोजन कर छात्राओं को सुरक्षा का एहसास कराने के साथ ही उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाता रहा है। परन्तु अब इसे सभी थानाध्यक्ष सरकारी व निजी विद्यालयों में छात्राओ को अपने सुरक्षा के तरीके बताएगे।

### जल्द बनाई जाएगी रणनिति



बक्सर एसपी मनीष कुमार ने कहा कि महिला को पूरी सुरक्षा दिलाने व छात्राओं को मनचलों के आतंक से बचाने के लिए बक्सर पुलिस एक विशेष अभियान चलाएगी। इसी को लेकर स्कूल व कॉलेज के साथ साथ जिले के कोचिंग संस्थानों के प्रबंधकों के साथ बैठक कर रणनिति जल्द ही बनाई जाएगी।

### अंधेरे में घर से अकेले जाने से बचें: एसपी

- अंधेरे में घर से बाहर निकला हो तो अकेले जाने से बचें।
- अगर कहीं दूर जाना हो तो आटो रिक्शा आदि का नंबर नोट कर लें। वैसे आटो में सफर करें जिसमें महिलाएं ज्यादा हो।
- मोबाइल पर कोई मिस काल बार-बार आ रहा हो। ऐंसे नंबर को ब्लैक लिस्ट में डाल दें। अथवा परिवार के सदस्यों को इसकी जानकारी दें। अगर फिर भी बात न बनें तो पुलिस की मदद लें। फोन रीचार्ज कराना हो तो परिवार के पुरुष सदस्यों की मदद लें। किसी अनजान व्यक्ति को अपना फोन नंबर न दें।
- अगर आप कहीं जा रही हैं। रास्ते में आपका कोई पीछा करता है। अगर ऐसा समझ में आए तो आप किसी माल, बैंक अथवा सार्वजनिक स्थानों का रुख करें। ऐसे स्थानों पर सीसी टीवी कैमरे लगे होते हैं। इससे उन लोगों के चेहरे कैमरों में कैद हो जाएंगे।
- अगर घर से कहीं दूर की यात्रा करनी हो। तो ऐसे में परिवार के सदस्यों को पूरी जानकारी देकर ही बाहर निकले। समय-समय पर फोन द्वारा घर वालों को सूचना देती रहीं। ताकि आपकी स्थिति और लोकेशन का पता घर वालों को मिलता रहे।
- घर की महिलाएं अपनी बच्चियों अथवा स्कूल कालेज जा रही छात्रों को इसकी शिक्षा जरुर दें। वे किसी के प्रलोभन में न आएं। किसी के साथ स्कूल से बाहर अथवा बगैर बताएं कहीं न जाए।
- अभिभावक अपने स्कूल जा रही नन्हीं परियों के लिए एक रोज कोड वर्ड दें। जिससे उन्हें बहला फुसलाकर कोई दूसरा नहीं ले जा सके।

### मनचले करें परेशान तो इन नम्बरों पर करें फोन

| | |
|---|---|
| बक्सर एसपी मनीष कुमार | 9431822981, 6207926800 |
| एसडीपीओ सदर गोरख राम | 9431800090, 6207926802 |
| एसडीपीओ अफाक अंसारी | 9431800091, 6207926803 |
| महिला थानाध्यक्ष कंचन कुमारी | 6207926811 |
| टाउन थानाध्यक्ष दिनेश मल्लाकार | 9431822335, 6207926809 |
| डुमरांव थानाध्यक्ष विदेंश्वरी राम | 9431822331, 6207926817 |

## ठेकेदार से रंगदारी मांगने वाले ने किया न्यायालय में सरेंडर

**केटी न्यूज/बक्सर**

एजसेवीएन के ठेकेदार से रंगदारी मांगने वाले नौशाद ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। राजपुर पुलिस से मिली सूचना के अनुसार मंगलवार को ही उसने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जज के सामने उपस्थित हो जमानत मांगी। लेकिन, मामला संगीन होने के कारण उसे जेल भेज दिया गया।

नौशाद राजपुर थाना के पलियां गांव का रहने वाला है। पहले वे बाइक की दुकान चलाता था। धीरे-धीरे उसकी सोहबत बिगड़ती गई और वह अब पुलिस के लिए सरदर्द बनता गया। पिछले सप्ताह सौरी-पलियां गांव के बधार में एजसेवीएन के ठेकेदार मिट्टी की कटाई कर रहे थे। उन लोगों को फोन कर उसने धमकियां दी। लेकिन, काम नहीं रुका तो उन लोगों ने मौके पर पहुंच गोलीबारी की। इसकी सूचना ठेकेदार पवन के लोगों ने सीधे एसपी कार्यालय को दी। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई हुई। इस मामले में नामजद हुए शौकत ग्राम डेहरी को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। यह दूसरा आरोपी था, जिसकी तलाश में छापामारी जारी थी। जिसके कारण उसने आत्मसमर्पण कर दिया।

## जिले के अभिलेखों का डिजिटाइजेशन संतोषजनक नहीं, डुमरांव का भी बुरा हाल: राजस्व सचिव

**केटी न्यूज/ बक्सर/डुमरांव**

सचिव राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार पटना ने बुधवार को जिले का दौरा किया। उन्होंने बक्सर तथा डुमरांव के अभिलेखागार का निरीक्षण किया। क्योंकि जिले में अभिलेखों को स्कैन कर उसका डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। लेकिन, जिले की प्रगति उन्हें संतोषप्रद नहीं लगी। विभागीय निदेर्शानुसार सभी राजस्व अभिलेखों की स्कैनिंग करा उनका डाटा अपलोड करने का निर्देश दिया गया। जांच के दौरान यह भी पता चला कि स्कैनिंग के पश्चात क्यूसी की प्रगति नगण्य है। जबकि निदेर्शों के अनुरूप लोगों को ऑनलाइन ही नकल की प्रति भी डिजिटल हस्ताक्षर के साथ उपलब्ध करानी है। परंतु यह प्रक्रिया अभिलेखागार में प्रारंभ नहीं हुई है।



विभागीय कर्मियों ने बताया कि अभिलेख बक्सों में रखे गए हैं। उन्हें सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में राजस्व अधिकारी के द्वारा बताया गया कि विभिन्न राजस्व अभिलेखों का स्कैनिंग का कार्य कराया जा रहा है परंतु जमाबंदी पंजी का कार्य अभी प्रारंभ नहीं हुआ है। जमाबंदी पंजी के स्कैनिंग करने के लिए भी उन्हें निर्देश मिला। पदाधिकारी ने यह भी कहा कि किसी भी परिस्थिति में राजस्व अभिलेख राजस्व कर्मचारी के पास नही होनी चाहिए। डुमरांव में त्रुटि सुधार पर भी बातें हुए। जिसे मुकम्मल करने का निर्देश सचिव ने दिया। इस दौरान उनके साथ जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल, डीडीसी महेन्द्र पाल आदि मौजूद रहे।

### ऑनलाइन वेबिनार सीरीज में जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने बच्चों को बताई पुस्तकालय की उपयोगिता

# जीवन के चार महत्वपूर्ण आयाम, उत्साह, उल्लास, ऊर्जा व उत्सुकता: राहुल

**केटी न्यूज/बक्सर**

सामुदायिक पुस्तकालय सह कॅरियर विकास केंद्र के शिक्षार्थियों को उदबोधने सह मार्गदर्शन हेतु ऑनलाइन वेबिनार सीरीज का शुभारंभ जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राहुल कुमार द्वारा बुधवार को कियो गया। इसमें जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राहुल कुमार द्वारा ग्रामीण किशोरों व युवाओं के सर्वांगीण कैरियर विकास में शिक्षा के महत्व एवं सामुदायिक पुस्तकालय सह कैरियर विकास केंद्र के भूमिका विषय परे वेबिनार में अपने विचार तथा अनुभव को साझा किया। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राहुल कुमार ने छात्र-छात्राओं को जीविका परियोजना में संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त में जानकारी दिया। इसके साथ ही अपने कायार्नुभव को साझो किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सीखने के चारे हत्वपूर्ण आयाम हैं। सीखने के लिए उत्साह, उल्लास, ऊर्जा और उत्सुकता होनी चाहिए।



उन्होंने सामुदायिक पुस्तकालय सह कॅरियर विकास केंद्र के महत्व के साथ भविष्य में यहां पर संचालित होने वाली कार्यक्रमों के बारे में अवगते कराया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा एक बड़ा हथियार है और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे-बच्चियों को सामुदायिक पुस्तकालय सह कैरियर विकास केंद्र के माध्यम से हर अवसर का लाभ उठानो चाहिए। उन्होंने कुछ छात्र-छात्राओं द्वारो वेबिनारे के अंत में ऑनलाइन पूछे गए प्रश्नों को जबाबे भी दिया और उनका मार्गदर्शने किया। ज्ञात हो कि पुरे बिहार में जीविका के 100 सामुदायिक पुस्तकालय सह कैरियर विकास केंद्र इस वर्ष स्थापित किए गऐ हैं। जिसमें से चार सामुदायिक पुस्तकालय सह करियर विकास केंद्र बक्सर जिला के चार प्रखंडों ब्रह्मपुर, सिमरी, राजपुर तथो इटाढ़ी में संचालिते हैं। यहां पर भौतिक अध्ययन कक्ष के साथ डिजिटल कक्ष की व्यवस्था की गई है। जहां प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षण की व्यवस्था की गयी है। पुस्कालये में स्वाध्याय, करियर परामर्श, विभिन्न संस्थानों में नामांकन, छात्रवृति, समग्र आकांक्षावर्धन सह क्षमतावर्धन हेतु व्यक्तित्व निर्माण इत्यादि सूचनाओं व अवसरों की जानकारी मिलेगी। बुधवार के इस आयोजन में जिले के चारों सामुदायिक पुस्तकालय सह कॅरियर विकास केंद्र पर लगभग 120 से 150 की संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और वेबिनारे को सुना तथो समझा।

## एक नजर

### रक्तदान महादान है समाज के हर स्वस्थ्य इंसान करें रक्तदान: चन्द्र विजय

**डुमरांव।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राजपरिवार के चंद्र विजय सिंह, महाराज शिवांग विजय सिंह ने शिविर का फीता काट किया। इस मौके पर चन्द्र विजय सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है, इस दान में हम सामाजिक ताना-बाना को भूलकर वास्तविक इंसान के रूप में अपने समाज, राज्य और राष्ट्र को एक इंसान होने का संदेश देते है। वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ शैलेश श्रीवास्तव ने रक्तदान इंसान को करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि रक्तदान देने से शरीर में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होती है। जिला के प्रमुख चिकित्सक डॉ. बालेश्वर सिंह ने रक्तदान शिविर में समाज के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा भरने का प्रयास किया। डॉ. विनीता सिंह ने रक्तदान में सभी के भाग लेने की सलाह दी। साधन सेवी डॉ. मनीष कुमार शशि ने समाज में जागरूकता फैलाने के महत्व को रेखांकित किया। आज महिलाओं ने रक्तदान शिविर के प्रारंभ ही अपनी उपस्थिति से कराई-विशिष्ट दानदाता अक्षरा सिंह ,डॉ विनीता सिंह, रिया राज के साथ-साथ विवेक अमित, रामाशंकर राय, आशुतोष त्रिपाठी, अमित कुमार , धीरेंद्र कुमार सिंह, रिया राज, सुभाष गोस्वामी, अजय कुमार मिश्रा, गणेश कुमार, फिरोज अंसारी, दिनेश कुमार, अशरफ अली, विनोद कुमार गुप्ता, नसीम अंसारी ,द्वारिकानाथ, आशीष सिंह, मीर बदरुद्दीन, इत्यादि ने शिविर को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। रक्तदान शिविर में कोषाध्यक्ष विमलेश कुमार पूर्व सचिव शत्रुघ्न प्रसाद गुप्ता, श्याम जी गुप्ता ,उमेश गुप्ता ,बंशीधर मिश्र, राजीव रंजन सिंह, रक्षा सिंह, अशोक कुमार सिंह, सोनू राय, सुरेंद्र राय, रघुनाथ मिश्र, अनीता यादव ,रणधीर सिंह, अमित कुमार, विजय लाल शर्मा, लक्ष्मी नारायण पाठक, इत्यादि सदस्यों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन सहयोग किया। धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सचिव ने सभी का किया।



### सिमरी में खुला पंचायत उप चुनाव का खाता, मुखिया पद के लिए दो नामांकन

**बक्सर।** पंचायत उप चुनाव के लिए जिले में आज से नामांकन का सिलसिला शुरू हो गया है। पहले दिन सिमरी प्रखंड के नियाजीपुर खुर्द पंचायत के मुखिया पद के लिए दो नामांकन दाखिल हुए। साथ ही चार अन्य लोगों ने भी नामांकन फार्म खरीदा। सूचना के अनुसार मुखिया पद के लिए अनीता देवी एवं सुनीता देवी ने नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। इस प्रखंड में वार्ड एवं पंच सदस्य पद के लिए अभी तक एक भी एनआर रसीद नहीं कटी है। वैसे इस बार के चुनाव में इकलौता सिमरी प्रखंड ही है। जहां मुखिया पद की एक सीट खाली है। नावानगर प्रखंड में सरपंच का एक पद खाली है। इन्हीं दो सीटों पर गहमागहमी की उम्मीद है। इसके अलावा जिले में वार्ड सदस्य के 10, पंच के 23 पदों पर भी चुनाव होना है। इसके लिए 25 मई को मतदान एवं 27 मई को मतगणना होनी है। जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को इसकी विधित सूचना भी प्रकाशित की गई है। जिसमें कहा गया है नौ मई तक नामांकन होगा।



### करंट लगने से युवक की मौत, टेंट खड़ा करने के दौरान हुआ हादसा

**बक्सर।** शादी समारोह की तैयारी चल रही थी। कुछ युवक टेंट खड़ा कर रहे थे। इसी दौरान टेंट का पाइप उपर से गुजर रहे बिजली के तार से जा सटा। पाइप लगा रहा युवक छोटक कुमार (25 वर्ष) करंट दौड़ जाने के कारण झूलस गया। जब यह नजारा आस-पास मौजूद लोगों ने देखा तो उसे किसी तरह पाइप के संपर्क से अलग किया। उसे सदर अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन, वहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह घटना इटाढ़ी थाना के नारायणपुर की है। पूछने पर थानाध्यक्ष कमल नयन ने बताया कि बुधवार की शाम पांच बजे के लगभग यह हादसा हुआ। मृतक इसी गांव के जिउत कुम्हार का पुत्र था। वहीं दूसरी तरफ स्थानीय लोगों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है। क्योंकि परिवार काफी गरीब है।

### नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच शुरू

बक्सर। नगर परिषद में भ्रष्टाचार की शिकायत को लेकर पिछले माह उप मुख्य पार्षद समेत कुछ पार्षदों ने जिलाधिकारी कार्यालय को ज्ञापन सौंपा था। वह शिकायत अब जिलाधिकारी कार्यालय से लोक शिकायत कार्यालय पहुंच गई है। जहां से जांच शुरू होने की सूचना शिकायतकताओं को दी गई है। लोक शिकायत पदाधिकारी के अनुसार चार मई को टीम नगर परिषद कार्यालय आएगी। इसका पत्र उप मुख्य पार्षद इशरत बानो को भेजा गया है। जिसमें पदाधिकारी ने कहा है, चार को जांच होगी। आपके द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं। उससे जुड़े कागजात लेकर आप जांच के दौरान मौजूद रहें और उसमें सहयोग करें। पाठकों को जानकारी के लिए हम बतां दे कि उप मुख्य पार्षद समेत कुछ अन्य लोगों ने डीएम को ज्ञापन दे सफाई में लूट आदि की शिकायत की थी। इसकी जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता आकाश कुमार सिंह उर्फ रामजी ने दी है। अब जांच में क्या निकलकर सामने आता है। यह भी जल्द पता चलेगा।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा भाजपा के दिग्गज नेताओं का भी बलिया में आगमन

# सलाखों के पीछे होंगे पूर्व मंत्री: मंत्री दयाशंकर



**केटी न्यूज/बलिया**

नगर निकाय चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा भाजपा के दिग्गज नेताओं का भी बलिया में आगमन हुआ। इस क्रम में सीएम योगी से पहले परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने जनसभा को संबोधित किया। कहा कि 75 वर्षों में जो विकास नहीं हुआ उसे योगी आदित्यनाथ सरकार ने पांच वर्षों में किया। महर्षि भृगु कॉरिडोर हो या सड़कों का निर्माण कार्य। सब तेजी से चल रहा है। कई वर्षों बाद बलिया में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। बलिया में सपा सरकार में हुए सीवरेज घोटाले की जांच करवा रहा हूं। पूर्व मंत्री सलाखों के पीछे होंगे।

राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने कहा कि बलिया में अगर ट्रिपल इंजन की सरकार होती तो आज विकास में पीछे नहीं होता। अगर आप लोग नगरपालिका व टाउन एरिया में विकास चाहते हैं तो भाजपा के प्रत्याशी को जिताएं। हमलोगों का प्रयास है कि यूपी का अंतिम जिला विकास में सबसे आगे रहे। राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हमारे बीच में आ गए हैं। अब निश्चित हो गया कि बलिया में भाजपा के सभी प्रत्याशी जीतेंगे।

जय श्री राम के नारों से माहौल हुआ गूंजायमान : हमेशा की तरह इस बार भी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में जय श्री राम का नारा गूंजायमान रहा। मुख्यमंत्री योगी ने जब अपने संबोधन में कहा कि भारत तो बाद में आजाद हुआ, लेकिन ये बलिया पहले ही आजाद हो गया था। इतना सुनते ही उपस्थित भीड़ में जोश का संचार हुआ। इसके पूर्व मुख्यमंत्री का उड़नखटोला जैसे ही आसमान में दिखाई दिया, जय श्री राम और योगी-योगी के नारों से पूरा माहौल गूंज रहा था, चहूंओर भगवा झंडा अलग ही छटा बिखेर रहा था।

## ....और शिवम अपने दोस्तों संग आए थे सीएम को देखने



**बलिया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम बड़े बुजुर्ग छात्र-छात्राओं की भीड़ के बीच चार वर्षीय शिवम ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। खड़िहा गांव से शिवम अपने चार-पांच दोस्तों संग बकायदा भाजपा का झंडा लिए योगी जी देखने पहुंचे थे। कार्यक्रम खत्म के बाद जब शिवम से पूछा गया यहां क्या करने आए थे तो तुतलहा जुबान से जवाब दिया कि योगी को देखने। इस दौरान जब शिवम से पूछा गया कि क्या तुम अपने पापा के साथ आए हो तो जवाब दिया नहीं मैं अपने गांव के दोस्तों संग आया हूं। योगी जी क्या बोले के सवाल पर शिवम बस इतना ही बता पाए कि जय श्री राम, जय श्री राम....।



कार्यक्रम के पूर्व नारे लगाते भाजपा समर्थक

## कार्यक्रम स्थल के पास आराम फरमाते नजर आए पुलिसकर्मी



**तिलक कुमार/बलिया**

लगातार घट रहे घटनाक्रमों के बावजूद बलिया पुलिस सबक नहीं ले रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में भी बलिया पुलिस की ढिलाई और सुस्ती दिखाई दी। पुलिसकर्मी कार्यक्रम स्थल से महज 10 मीटर की दूरी पर ही तैनात थे, लेकिन आप फोटो में साफ देख सकते हैं पुलिसकर्मी की मुस्तैदी। कोई खड़ी बाइक पर तो कोई जमीन पर बैठकर आराम फरमा रहे हैं, एक जनाब तो रील्स देखने में मस्त रहे। हालांकि कैमरा देखते ही पुलिस के जवान मुस्तैद होने की कोशिश किए, लेकिन तब तक दृश्य कैमरा में कैद हो चुका था।

माफिया अतीक ब्रदर्स हत्याकांड के बाद मुख्यमंत्री की सुरक्षा हाईलेबल की कर दी गई है। सतीशचंद्र कालेज प्रांगण में कार्यक्रम तय होने के बाद पुलिस विभाग के

### ♦ कोई आराम फरमाने में तो कोई रील्स चलाने में दिखे मशगूल

आलाकमान आईजी से लेकर डीआईजी, एसपी, एएसपी सब अपने मातहतों को सख्त हिदायत दिए थे, जिसके क्रम में शीशमहल के पास ही बैरिकेडिंग की गई थी, ताकि यहां से कोई किसी प्रकार के वाहन अंदर ना ले जा पाए। हां स्पेशल लोगों के लिए वाहन पास था, लेकिन बाइक के लिए कोई पास जारी नहीं किया गया था, बावजूद जगह–जगह काफी संख्या में बाइक देखी गई। सूत्र की मानें तो सुरक्षा में तैनात दारोगा व सिपाही अपने चहेतों को बाइक लेकर कार्यक्रम स्थल तक जाने की परमिशन दे रहे थे। शीशमहल से सतीशचंद्र कालेज की दूरी पर कई जगह बैरिकेडिंग की गई थी, लेकिन अधिकांश बैरिकेडिंग के पास से पुलिसकर्मी गायब दिखे।

## सभी कर्मी डाक मतपत्र के माध्यम से करेंगे अपना मतदान: डीएम

**केटी न्यूज/मऊ**



नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में लगाए गए समस्त रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक अपर जिला मजिस्ट्रेट भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक के दौरान अपर जिला मजिस्ट्रेट ने सभी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को को निर्देश दिए कि निर्वाचन का कार्य एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य होता है। जिसमें एक दूसरे का सहयोग निश्चित रूप से किया जाना होता है। निर्वाचन कार्य में लगाए गए समस्त कार्मिकों को बताया गया कि किसी भी दशा में लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। नगरीय निकाय चुनाव में प्रतिनियुक्त सभी कर्मी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करेंगे। डाक मतपत्र के माध्यम से दिए जाने वाले मत की प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी गोरखनाथ द्वारा बताई गई। अपर संख्या अधिकारी रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि जिन कर्मचारी को डाक मतपत्र जारी किया जाए उसकी लिखित प्रक्रिया अभिलेखों में अवश्य दर्ज करें, चुनाव की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि अपने बूथ से संबंधित सभी प्रत्याशियों को सूचित कर दें कि निर्धारित तिथि को डाक मतपत्रों के माध्यम से कर्मचारियों द्वारा मतदान कराया जाएगा, साथ ही उन्होंने बताया कि सभी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी अपने तहसील के अंतर्गत आने वाले समस्त बूथों का भ्रमण कर लें, जिससे पता चल सके कि किस बूथ पर कितने मतदाता हैं उसी अनुसार मतपत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

## बारात में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, मचा कोहराम

**केटी न्यूज/मऊ**

मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चक भादवा में मंगलवार को रात में ग्राम लीलारी भारौली थाना कोपागंज मऊ से आई एक बारात में इसी गांव के 30 वर्षीय शीतल यादव जो बारात में अपने वाहन से आए हुए थे कि अज्ञात कारणों से विद्युत के करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए। वहीं बारात में आए लोगों को जानकारी मिलते ही रात्रि लगभग 2:00 बजे लोग अपने वाहन से मोहम्मदाबाद गोहना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए लेकिन हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने इन्हें जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही इनकी मौत हो गई। वहीं इस घटना की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन सदर अस्पताल के लिए रवाना हो गए। कुछ ही देर में क्षेत्र के उपनिरीक्षक को जानकारी मिलते ही बुधवार को उपनिरीक्षक आदर्श कुमार श्रीवास्तव ने सदर कोतवाली पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है अचानक बारात में हुए इस विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत पर गांव में कोहराम मच गया।

## ससुराल जाने के दौरान बोलेरो की जद में आने से युवक की मौत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के हरदासपुर गांव के पास बुधवार को ससुराल जा रहे बाइक सवार युवक की बोलेरो की जद में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के रोने- बिलखने से गांव में चीख-पुकार मच गई।

मऊ जनपद के ढाडी गांव निवासी राहुल राजभर (28) बाइक से अपने ससुराल नेवादा निवासी जनार्दन राजभर के यहां आ रहे थे। हरदासपुर गांव के पास पीछे से तेज रफ्तार आ रही बोलेरो ने जोरदार धक्का मार दिया। बाइक सवार सड़क पर गिर गया और उसके सिर में गंभीर चोट आई। जब-तक लोग घटना स्थल पर पहुंचते युवक की मौत हो चुकी थी। इधर देखते ही देखते घटना स्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। कुछ देर बाद नेवादा के लोगों ने मृतक की पहचान राहुल के रूप में किया। हादसे की सूचना लोगों ने ससुराल के लोगों को दी। जानकारी होते ही पत्नी निशा दहाड़े मारकर रोने- बिलखने लगी। पति का शव देखकर पत्नी बिलखते- बिलखते अचेत हो गई। परिजनों के रोने से वहां मौजूद लोगों की आंख भी भर आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर थाने आई। इस संबंध में करीमुद्दीनपुर थानाध्यक्ष विश्वनाथ यादव ने बताया की हादसे से युवक की मौत हुई है। तहरीर के आधार पर अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चिन्हित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

## आएंगे भजन सम्राट अनूप जलोटा

**गाजीपुर।** अंतर्राष्ट्रीय संस्था ऊॅ .कारम के तत्वावधान में आयोजित भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा के कार्यक्रम को लेकर नगर के तुलसी सागर स्थित गंधर्व म्यूजिक एकेडमी आयोजित प्रेसवार्ता में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत रत्न पं. रविशंकर के भांजे नबारून चटर्जी ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध सितार वादक पं. रविशंकर के ननिहाल गाजीपुर में राम रमैया के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के विजन लोकल फार वोकल को ध्यान में रखते हुए पहले पूरे प्रदेश में चल रहे ऑडिशन में प्रत्येक जनपद से 10 वर्ष से 50 वर्ष तक के कलाकारों का ऑडिशन होना है। जिसमे कुल 12 कलाकारों को चयनित किया जायेगा। जिन्हें भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा के साथ मंच पर प्रस्तुति का अवसर प्रदान किया जायेगा। इसके पश्चात चयनित 12 कलाकारों में से 4 कलाकारों को चयनित किया जायेगा।

## निकाय चुनाव में फर्जी मतदाताओं को पहचानेंगे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

फर्जी वोटरों को रोकने के लिए नगर के सभी आगनबाड़ी कार्यकताओं को बुधवार को मतगणना स्थल पर ड्यूटी में लगाया गया है। इस संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकताओं को मतगणना स्थल पर उप जिला अधिकारी भारत भार्गव में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया। आंगनबाड़ी कार्यकताओं को उन्होंने फर्जी मतदान को रोकने के लिए बूथों के बाहर बैठना होगा।



फर्जी वोटरों की पहचान करनी होगी। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकताओं मोहल्ले के सभी व्यक्तियों को जानती एवं पहचानती हैं। इसलिए इनकी ड्यूटी लगाई गई हैं। यदि कोई भी बाहरी व्यक्ति मतदाता बनकर फर्जी मतदान करना चाहेगा, तो यह आंगनबाड़ियों उनकी पहचान करने में सहायक होंगी। इसलिए इनकी ड्यूटी पहचान के लिए प्रत्येक बूथों के बाहर लगाई गई है। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकताओं में गीता देवी सुमन राय शहनाज मीना देवी रंजना नरगिस निकहत फरहान नसरीन आदि उपस्थित रहे।

# अखिलेश यादव ने दस लाख एवं मैंने पांच लाख नौकरी दी: रामगोविंद

**केटी न्यूज/बलिया**




हमारी सरकार ने फ्री दवाई, फ्री पढ़ाई एवं फ्री ढोवाई का कार्य किया। हमारे मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सपा कार्यकाल में दस लाख युवाओं को नौकरी दी। मैं स्वयं अपने विभाग बेसिक शिक्षा एवं बाल विकास परियोजना में पांच लाख लोगों को नौकरी दिया। उक्त बातें पूर्व मंत्री व पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने बुधवार के दिन मनियर दियरा टुकड़ा नंबर 2 में स्व. कीनू राजभर के द्वितीय पुण्यतिथि पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा। कहा कि बीजेपी शासन काल में 5 किलो राशन दिया जाता है। जिसकी कीमत 67 रुपए होती है और जिस झोले में दिया जाता है उसकी कीमत 268 रुपए होता है क्योंकि उस झोले पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का फोटो लगा हुआ होता है। उन्होंने अखिलेश सरकार में 102 नंबर एंबुलेंस एवं 108 नंबर एंबुलेंस की चर्चा करते हुए कहा कि कोई गरीब पैसे के अभाव में इलाज से वंचित न रहे इसलिए हमारी सरकार ने 102 और 108 नंबर एंबुलेंस को चलाया। हमारी सरकार ने मनियर दियरा टुकड़ा नंबर 2 में 284 लोगों को समाजवादी पेंशन दिया और समाजवादी पेंशन इसलिए महिलाओं को दिया गया कि वह अपनी बेटा बेटी को पढ़ाए। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद रामाशंकर विद्यार्थी ने कहा कि सन 2012 में राजीव गांधी विद्युत योजना में बलिया एवं देवरिया का नाम नहीं था। मैंने सोनिया जी से कहा कि आजादी की लड़ाई में बलिया अग्रणी रहा है और आपके लोकसभा क्षेत्र का नाम इस योजना में है लेकिन मेरे क्षेत्र का नाम इसमें नहीं है तो बलिया एवं देवरिया दोनों जनपदों का नाम जोड़ा गया और देवरिया को 91 करोड़ एवं बलिया को 102 करोड़ रुपया मिला।

पूर्व मंत्री व विधायक जियाउद्दीन रिजवी ने कहा कि जब मनियर मेरे विधानसभा में हुआ करता था तो उस समय मनियर दियरा के लोग समाज से कटे हुए थे। उन लोगों को लाकर मुख्यधारा में जोड़ा गया। अपराधी किस्म के लोगों को भी मैंने अपराध की दुनिया से मुक्त करा कर उनको समाज के मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया। उन्होंने गोरख यादव का नाम लेते हुए कहा कि 11:00 बजे रात में मैंने तत्कालीन एसपी से मुलाकात कराई और कहा कि यह अपराध की दुनिया छोड़कर शराफत से रहना चाहता है और मैंने उसे कहा की प्रधानी लड़ो और वह प्रधान भी बना। इसी प्रकार से उन्होंने कुछ अन्य अपराधियों के भी नाम लिए। वक्ताओं ने लल्लन राजभर को बधाई दी कहा कि इन्होंने अपने पिता स्व. कीनू राजभर की द्वितीय पुण्यतिथि मनाया। लल्लन राजभर ने विधायक व पूर्व मंत्री रिजवी को बधाई दिया कि इन्होंने हमारे गांव में जूनियर हाई स्कूल बनवाया। विद्युतीकरण कराया। नेता प्रतिपक्ष का आभार व्यक्त किया कि इनके वजह से दियारा टुकड़ा नंबर 2 लोहिया गांव हुआ और सड़कों का जाल बिछा।

## एक नजर

### चुनावी ड्यूटी में बसों में लगने के कारण यात्रियों को झेलनी पड़ रही है परेशानी

**मऊ ।** आगामी 11 मई को होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम कि ज्यादातर बसें चुनाव ड्यूटी में लग जाने के कारण यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे यात्री रोडवेज पर कई घंटों तक खड़े होकर बसों का इंतजार कर रहे हैं। बुधवार की सुबह मोहम्मदाबाद बस स्टेशन पर नौकरी करने एवं अपने ड्यूटी पर जाने वाले यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह बस स्टेशन पर लगभग 2 घंटे तक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों के ना आने के कारण यात्री काफी परेशान रहे। इस बाबत पूछे जाने पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम मऊ डिपो के स्टेशन प्रभारी पति राज यादव का कहना है कि मऊ डिपो से 13 बसें प्रथम चरण के चुनाव ड्यूटी में चले जाने के कारण यात्रियों को दिक्कतें हो रही है लेकिन हमारा कर्तव्य है कि यात्रियों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रत्येक चालक परिचालक को निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक पिकअप पॉइंट पर यात्रियों को चढ़ाएं तथा उतारे एवं उन से मधुर संबंध रखें। बस को डीपों से निकालते समय उसके रखरखाव एवं साफ-सुथरे पर विशेष चालक परिचालक ध्यान दें इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि यात्रियों से अनुरोध है कि टिकट लेकर ही बसों में यात्रा करें और किसी प्रकार की समस्या के लिए परिवहन निगम की बसों में नेम प्लेट पर लगाए गए नंबर से कोई समस्या हो तो व्हाट्सएप अथवा मोबाइल से बात करें जिससे आपकी समस्याओं को सुना जाए और उसका तत्काल निवारण किया जाए।



### शेरपुर की भांजी ने दक्षिण कोरिया में दिखाया दमखम

**गाजीपुर।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण दक्षिण कोरिया अपने चार दिवसीय दौरे पर वहां के इंचियोन शहर में होने वाली एडीबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 56वीं वार्षिक आम बैठक में भाग ली। साथ ही उन्होंने निवेशकों को भी संबोधित किया। सीतारमण वैश्विक व्यापार जगत के नेताओं और निवेशकों के साथ राउंड टेबल्स में बातचीत के साथ प्रवासी भारतीय समुदाय से भी मिलने का कार्यक्रम था। इस दौरान वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमन जी का भारतीय विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान शेरपुर निवासी डॉक्टर प्रशान्त राय की भांजी शांभवी शर्मा ने भारतीय बच्चों का नेतृत्व किया और वित्त मंत्री जी से भारत में पढ़ाई और रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले बजट पर भी सवाल पूछा और वित्त मंत्री जी ने उसके सवाल को प्रशंसा करते हुए यह आश्वासन भी दी कि भारत सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य पर काफी काम कर रही है और अभी आने वाले समय में इन दोनो क्षेत्रों में सरकार और ज्यादा ध्यान देने वाली है तथा अपना बजट भी बढ़ाने की बात पर भी बल दिया। शांभवी बचपन से ही मेधावी रही है और उसकी प्रारंभिक शिक्षा रेणुकूट के केसरी देवी कनोरिया विद्यामंदिर से हुई फिर बीएससी और एमएससी उसने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी से किया जहां पर वो अपने क्लास की टॉपर भी रही और अभी कोरियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से वो तीसरे साल की रिसर्च स्टूडेंट है।



### अष्ट शहीद इंटर कॉलेज प्रांगण से पोलिंग पार्टियां बूथो के लिए हुई रवाना

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद नगर निकाय चुनाव में होने वाले मतदान को लेकर बुधवार को अष्ट शहीद इंटर कॉलेज में बने मतगणना स्थल से पोलिंग पार्टियां अपने-अपने बूथों को रवाना हुई। मोहम्मदाबाद नगर में पुल 37 बूथ बनाए गए हैं। इन 37 बूथों के लिए पोलिंग पाटिया अपने -अपने सामान बक्से आदि लेकर अष्ट शहीद इंटर कॉलेज में बने मतगणना स्थल से रवाना हो गए। मोहम्मदाबाद में कुल 25 वार्ड है।जिनमें 32184 मतदाताओं के लिए चार मई को चुनाव होने हैं। वहीं एसडीएम भारत भार्गव ने बताया कि मतदान को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी कर्मचारियों को दिशा -निर्देश जारी कर दिए गए हैं। कहीं भी किसी भी तरह की असुविधा होने पर संबंधित कर्मचारी मतगणना स्थल पर लिखें नंबरों पर तत्काल अपनी समस्या बता सकता है। हर बूथों पर साफ-सफाई पेयजल एवं शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करा दी गई है। मतदान को निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात की गई है। कहीं भी किसी तरह की मतदाताओं को मतदान करने में कोई असुविधा न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। इस मौके पर तहसीलदार विजय प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव के अलावा भारी मात्रा में कर्मचारी एवं पुलिस बल मौजूद रहे।



### डीएम–एसपी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**गाजीपुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक ढंग सम्पन्न कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने जनपद के विभिन्न स्थानों से हो रही पार्टी रवानगी स्थलों एवं बनाए गए स्ट्रांग रूम का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारी द्वय द्वारा स्वामी सहजानन्द पीजी कालेज, अष्ट शहीद इण्टर कालेज मुहम्मदाबाद एवं नेशनल इण्टर कालेज कासिमाबाद का स्थलीय निरीक्षण कर वहां से हो रही पार्टी रवानगी का जायजा लिया एवं आवश्य निर्देश दिये। उन्होने कहा कि मतदान कार्मिक रवानगी से पूर्व अपने-अपने सामानो का मिलान अवश्य कर ले जिससे चुनावी प्रक्रियाओ में बाधा न हो। दिनांक 04 मई 2023 को होने वाले नगरीय निकाय के मतदान हेतु आज प्रातः 07 बजे से मतदान पार्टिया अपने-अपने गन्तव्य के लिए उपलब्ध वाहनो से प्रस्थान करायी गयी। जनपद के 03 नगर पालिकाओ एवं 05 नगर पंचायतो के मतदान के लिए 266 मतदान पार्टिया को रवाना किया गया। प्रत्येक मतदान पार्टी में एक पीठासीन के साथ 03 मतदान अधिकारी को लगाया गया है। उन्होंने समस्त अधिकारियों को जनपद में 04 मई को होने वाले नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शी तरीके से आयोग की गाईड लाईन के अनुसार सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि अधिकारी बैलेट बाक्स जब तक जमा कर स्ट्रांगरूम में शील न करा लिया जाये, तब तक पूरी मुस्तैदी से अपने-अपने जिम्मेदारियों को निभाएंगे। बैलेट बाक्स सुरक्षित रखना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने किसी भी मतदान कर्मियों को मेडिकल इमरजेंसी होने पर तत्काल कंट्रोल रूम को सूचित करने की बात कही। जिससे तत्काल उन्हें मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराया जाय सके। मतदान कर्मी अपने-अपने पोलिग बूथों पर निवास करेंगे तथा किसी भी दशा में अपने पोलिंग सेन्टरों पर किसी भी अन्य व्यक्ति का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे, अन्यथा वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

